[माननीय अध्यक्ष जी, प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित घण्टों की विद्युत आपूर्ति शाहजहांपुर जनपद में होना चाहिये परन्तु यह आपूर्ति नहीं हो पा रही है। शाहजहांपुर नगर में विद्युत आपूर्ति जितने घण्टे होती है उससे कम बिजलीपुरा फीडर पर होती है। बिजलीपुरा फीडर से जो क्षेत्र सम्बद्ध है वे लोग गर्मी के मौसम में त्राहि-त्राहि करते हैं। नया विद्युत सब-स्टेशन अब्दुल्लागंज/अजीजगंज तैयार हो चुका है परन्तु विद्युत की सप्लाई इस फीडर से नहीं हो रही है, यदि विद्युत सप्लाई बिजलीपुरा फीडर के स्थान पर सब-स्टेशन अब्दुल्लागंज से हो जावे तो क्षेत्र की जनता राहत की सांस लेगी।

लोक महत्व के इस अविलम्बनीय प्रश्न पर मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि बिजलीपुरा से सेसगंज की विद्युत सप्लाई बढ़ाई जावे (सबके बराबर की जावे) अन्यथा इस क्षेत्र की सप्लाई नवनिर्मित फीडर अब्दुल्लागंज से जोड़ दी जावे।]

स्याना-बुलन्दशहर मार्ग पर टैक्सी दुर्घटना में मृत व्यक्तियों एवं घायलों को मुख्य मंत्री के विवेकाधीन कोष से सहायता दिलाये जाने की मांग के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

*श्री सुन्दर सिंह-

[माननीय अध्यक्ष जी दिनांक 8-5-2007 को ग्राम ढक्का जवासा मनिया ठीकरी नगला आलमपुर आदि गांवों के लगभग 15 व्यक्ति एक शादी समारोह से रात्रि में लौट रहे थे। कभी स्याना बुलन्दशहर मार्ग पर एक टैम्पो की संख्या-यू0पी0 13बी 7956 बड़ी तेजी से आया व लापरवाही से चलाते हुये ड्राइवर ने टक्कर मारी जिसमें रणवीर सिंह पुत्र श्री मोहन सिंह गांव ढक्का आयु लगभग 45 वर्ष व सुरेन्द्र पुत्र हरिवंश ग्राम जवासा आयु 26 वर्ष को मौके पर ही कुचल कर मार दिया तथा वेदराज सिंह पुत्र हरवंश सिंह जवासा थाना खानपुर राम किशोर सिंह पुत्र श्री हरचन्दी सिंह जवासा थाना खानपुर, समय सिंह पुत्र श्री पृथ्वी सिंह जवासा थाना कासपुर धर्मवीर सिंह पुत्र श्री आनन्द स्वरूप सिंह ग्राम ढक्का थाना खानपुर, धर्मेन्द्र कुमार पुत्र

---

*वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

नोट :-[ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

श्री चन्द्रपाल सिंह गांव नगला आलमपुर थाना खानपुर, नन्हें सिंह पुत्र श्री नत्थी सिंह गांव मनिया टीकरी थाना खानपुर को गम्भीर चोट आयी जिनका इलाज जिला चिकित्सालय बुलन्दशहर व दिल्ली के अस्पतालों में चल रहा है।

मैं चाहूंगा कि मा0 मुख्य मंत्री जी अपने विवेकाधीन कोष से मृतकों को दो-दो लाख रुपये व गम्भीर रूप से घायल धर्मेन्द्र कुमार निवासी नगला व नन्हें सिंह गांव मनिया टीकरी को एक-एक लाख रुपये व सामान्य घायलों को 50-50 हजार रुपये की सहायता प्रदान करने की कृपा करें।]

गोरखपुर महानगर में बन्द पड़े तारामण्डल को पुनः प्रारम्भ कराये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

* डा0 राधा मोहन दास अग्रवाल-

[माननीय अध्यक्ष जी, गोरखपुर महानगर में 23 जनवरी, 2006 को तत्कालीन मुख्य मंत्री द्वारा तारामण्डल का लोकार्पण किया गया था। लोकार्पण के उपरान्त 3 माह तक तारामण्डल का 3 माह तक सुचारु रूप से संचालन हुआ। लेकिन उसके बाद से लेकर अभी तक अर्थात् पहले एक वर्ष से तारामण्डल बन्द पड़ा है। गोरखपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने लगातार कभी जेनरेटर और कभी ए0सी0 प्लान्ट के खराब होने के नाम पर तारामण्डल बन्द रखा तथा बाद में बोर्ड की बैठक करके तारामण्डल का संचालन करने से मना कर दिया।

तारामण्डल के निर्माण में कुल रुपये 23 करोड़ खर्च हुये हैं तथा पर्यटन, नागरिकों में वैज्ञानिक अभिरुचि, छात्रों के प्रशिक्षण तथा मनोरंजन केन्द्र की दृष्टि से इसका अत्यधिक महत्व है। तत्कालीन शासन ने प्रदेश के सभी तारामण्डलों के सम्मिलित संचालन हेतु प्राधिकरण बनाने की घोषणा की थी। लेकिन 9 वर्ष बीतने के उपरान्त भी इसके संचालन हेतु किसी निश्चित कार्ययोजना को कार्यरूप नहीं किया गया।

यदि इसका संचालन तुरन्त प्रारम्भ नहीं किया गया तो तारामण्डल की मशीनों के खराब हो जाने की पूरी सम्भावना बनी हुयी है। मशीनों का 3 वर्ष का गारन्टी का समय भी समाप्त हो रहा है। इस अत्यन्त महत्वपूर्ण परियोजना के लिये धन की व्यवस्था सुश्री मायावती जी के पूर्व के कार्यकाल में ही हुयी थी।

अतः निवेदन है कि विधानसभा की कार्य-प्रक्रिया नियमावली के नियम 301 के तहत इस लोकमहत्व के अविलम्बनीय विषय पर सरकार को जवाब देने हेतु निर्देशित करें।]

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।
नोट :-[ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

प्रतापगढ़ के विकास खण्ड आसपुर देवसरां में पृथ्वीराज चौहान एवं विकास खण्ड मंगरौरा में सरदार पटेल की मूर्ति स्थापित करने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

* श्री राजेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ मोती सिंह-

[माननीय अध्यक्ष जी, जनपद प्रतापगढ़ के विकास खण्ड आसपुर देवसरा में पृथ्वीराज चौहान एवं विकास खण्ड मंगरौरा में सरदार पटेल की मूर्ति स्थापित किये जाने हेतु संस्कृति विभाग द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई थी। संस्कृति निदेशालय द्वारा स्थल विकास हेतु लागत मूल्य की 25 प्रतिशत की मांग की गई थी साथ ही मूर्ति अधिष्ठापित किये जाने हेतु जिलाधिकारी, प्रतापगढ़ से भूमि की व्यवस्था की अपेक्षा की गई थी जिसे उनके द्वारा कर दिया गया है परन्तु विभाग ने आज तक मूर्ति अधिष्ठापित नहीं की। अधिष्ठापन अंश की व्यवस्था यदि शासन स्तर पर सम्भव न हो तो उसे जनसहयोग से कराया जा सकता है परन्तु सम्बन्धित विभाग की उदासीनता से महापुरुषों के प्रति जनभावनायें आहत हो रही हैं।

अतः इस अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय पर सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए वक्तव्य की मांग करता हूं।]

बरेली-मथुरा राजमार्ग के स्वीकृत निर्माण कार्य को अत्यन्त जर्जर बदायूं मुख्यालय की ओर से पहले निर्मित कराये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री महेश चन्द्र (बदायूं)-

[माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से लोक महत्व के अविलम्बनीय विषय की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं।

अत्यन्त जर्जर एवं गड्ढा युक्त मुख्य मार्ग बरेली-मथुरा राजमार्ग का निर्माण कार्य स्वीकृत हो गया है जिसका कार्य भी प्रारम्भ कर दिया गया है। उक्त राजमार्ग बदायूं मुख्यालय के तरफ अत्यधिक खराब है इसलिए इसका निर्माण जहां पर अत्यधिक खराब है उस ओर किया जाना चाहिए परन्तु भ्रष्ट अधिकारियों की मनमानी के कारण उक्त राजमार्ग का निर्माण कार्य बदायूं मुख्यालय की तरफ से न कराकर कासगंज की ओर से कराया जा रहा है जबकि कासगंज की तरफ से मार्ग उतना खराब नहीं है जितना कि बदायूं मुख्यालय की तरफ से है। बदायूं मुख्यालय की तरफ से उक्त राजमार्ग में इतने गड्ढे हो गये हैं कि यह पता ही नहीं चलता कि सड़क में गड्ढे है या गड्ढे में सड़क है। मार्ग के अत्यन्त खराब होने के कारण आये दिन दुर्घटनायें होती हैं, घण्टों जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। जिससे जनमानस में आक्रोश व्याप्त है।

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

नोट :-[ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

अतः लोक महत्व के अविलम्बनीय विषय की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए अत्यन्त जर्जर बदायूं मुख्यालय की ओर से मार्ग का निर्माण कार्य कराये जाने की मांग करता हूं।]

खीरी के मोहम्मदी क्षेत्रान्तर्गत विकास खण्ड पसगवां में राजकीय बालिका इण्टर कालेज की स्थापना कराने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्रीमती कृष्णा राज-

[माननीय अध्यक्ष जी, मेरे विधान सभा क्षेत्र मोहम्मदी जिला लखीमपुर खीरी के अन्तर्गत आने वाले विकास खण्ड पसगवां में कोई कन्या विद्यालय नहीं है। मोहम्मदी विधान सभा अत्यन्त पिछड़ा क्षेत्र है। जहां की बालिकायें प्रायः शिक्षा से वंचित है। शिक्षा के आभाव में बालिकायें कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करती है एवं समाज के विभिन्न विकास से वंचित रह जाती है। मोहम्मदी विधान सभा क्षेत्र के समुचित विकास के लिये बालिकाओं की शिक्षा अत्यन्त आवश्यक है। इस कारण मेरे विधान सभा क्षेत्र में एक राजकीय इण्टर कालेज की स्थापना अत्यन्त आवश्यक है। जिससे विधान सभा क्षेत्र की बालिकाओं की शिक्षा पूरी हो सके एवं वे समाज में एक स्थान प्राप्त कर सके।

अतः इस अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय पर सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुये मोहम्मदी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले विकास खण्ड पसगवां में एक राजकीय बालिका इण्टर कालेज की स्थापना कराये जाने की मांग करती हूं।]

आजमगढ़ के जिला चिकित्सालय में कुत्ते के काटने पर लगने वाली सुई (दवा) की अनुपलब्धता से उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री दुर्गा प्रसाद यादव-

[माननीय अध्यक्ष जी, मैं इस लोक महत्व के विषय के माध्यम से सदन का ध्यान जनपद-आजमगढ़ के जिला चिकित्सालय की तरफ आकृष्ट कराना चाहता हूं। जहां विगत कई माह से कुत्ते के काटने पर लगने वाली सुई (दवा) उपलब्ध नहीं है। आजमगढ़ की जनता परेशान हो रही है। लोग कुत्ते के काटने पर सुई नहीं लगवा पा रहे हैं सुई के अभाव में लोग रोग से ग्रसित हो रहे हैं या पागल हो रहे हैं। सुई की जिला चिकित्सालय में अनुपलब्धता के कारण गरीब लोग बाजार से मंहगें दाम पर सुई नहीं खरीद पा रहे हैं। जिससे लोग या तो मर रहे हैं या पागल हो रहे हैं। चिकित्सालय की व्यवस्था जर्जर होती जा रही है। एस0टी0ओ0 ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। मैं चाहता हूं कि सरकार अविलम्ब व्यवस्था करें, जिससे लोगों को बचाया जा सके तथा जनता को सुचारु रूप से जीने का हक प्राप्त हो।

अतः माननीय अध्यक्ष जी निवेदन है कि इस लोक महत्व के प्रश्न की तरफ सदन का ध्यान आकृष्ट करते हुए आजमगढ के जनपद चिकित्सालय में उक्त सुई (दवा) की व्यवस्था अविलम्ब की जाय।]

नोट :-[ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

जिला सहकारी बैंक फतेहगढ़, फर्रुखाबाद में श्री सुधर सिंह वर्मा को आमेलित करने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

* श्री कुबेर सिंह-

[माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से लोक महत्व के अविलम्बनीय विषय की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं।

टेक्नीकल आफीसर जिला सहकारी बैंक फतेहगढ़, फर्रुखाबाद से किसान सेवा सहकारी समितियों जनपद फर्रुखाबाद की विभिन्न संस्थाओं में विभागीय आदेश एवं निर्देशों के आधार पर 1989-90 में बैंक सेवाओं में आमेलन हेतु जो निम्नलिखित व्यक्तियों को लिया गया है।

1-सूरज सिंह यादव पुत्र श्री लज्जा राम यादव,
2-ओम प्रकाश यादव पुत्र श्री यशोदान्त सिंह यादव,
3-बालकराम यादव पुत्र श्री सियाराम यादव
4-जाहर सिंह यादव पुत्र श्री बालक राम यादव
5-रवीन्द्र सिंह यादव पुत्र श्री दशरथ सिंह यादव
6-जगदीश नारायण पुत्र श्री तुलाराम
7-सुधर सिंह वर्मा पुत्र श्री भजनलाल वर्मा
8-रणधीर सिंह यादव पुत्र श्री बृन्दावन लाल,
9-कायम सिंह यादव पुत्र श्री मुंशी लाल यादव।

जिसमें 9 लोगों में से 7 लोग एक विशेष जाति (यादव) होने के कारण इन सभी का आमेलन करा दिया गया परन्तु सुधर सिंह वर्मा दूसरी जाति के होने के कारण आज तक आमेलन नहीं कराया गया है जो कि न्यायोचित नहीं है। इस तरह से जातिगत भावना से आमेलन न कराये जाने से सुधर सिंह वर्मा को मानसिक आघात पहुंचा है।

अतः लोक महत्व के अविलम्बनीय विषय की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुये प्रकरण की जांच कराकर दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही करने एवं सुधर सिंह वर्मा का तत्काल आमेलन करने हेतु कार्यवाही की मांग करता हूं।]

जनपद-जालौन के कतिपय अत्यन्त जर्जर मार्गों की मरम्मत कराये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

*श्री विनोद चतुर्वेदी-

[माननीय अध्यक्ष जी, बुन्देलखण्ड इस प्रदेश का अत्यन्त अविकसित क्षेत्र जहां पर है। यहां पर आबादी दूर-दूर तक फैली हुई है और आवागमन का एक मात्र साधन संपर्क मार्ग है।

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।
नोट :-[ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

विगत 3 वर्षों से सूखे के कारण एवं सम्पर्क मार्गों का पर्याप्त रख-रखाव न होने के कारण मार्ग क्षतिग्रस्त हो गये हैं जिससे लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। इन मार्गों के निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल होने तत्कालीन सत्तारूढ़ दल में शामिल लोगों द्वारा व्यापक पैमाने पर भ्रष्टाचार करने के कारण मार्गों का निर्माण मानक के अनुरूप नहीं हुआ है। ये मार्ग पूर्णरूप से निर्मित नहीं हुये है, जगह-जगह गिट्टी बिखरी पड़ी है। ऐसी परिस्थिति में लोगों का आवागमन बाधित है। उरई से जालौन, जालौन से औरैया, उरई से राठ एवं मोहम्मदाबाद से सिमिरिया तथा उरई से टीकर एवं एयर से ददरी आदि प्रमुख मार्ग है जिनकी हालत अत्यन्त दयनीय है। मार्गों के आवागमन के योग्य न होने के कारण लाखों की आबादी प्रभावित हो रही है और आवागमन बाधित है।

अतः लोक महत्व के इस अविलम्बनीय प्रश्न पर शासन का ध्यान आकर्षित करते हुये कार्यवाही की मांग करता हूं।]

गाजीपुर के दिलदार नगर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम डेढ़गवां से नगसर तक अत्यन्त क्षतिग्रस्त मार्ग की मरम्मत कराये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

* श्री पशुपति-

[माननीय अध्यक्ष जी, मेरे विधान सभा क्षेत्र 215 विधान सभा दिलदार नगर जनपद-गाजीपुर में ग्राम डेढ़गवां से नगसर तक मार्ग बहुत ही खराब हो गया है जिससे आने-जाने में आम जनता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है जिसके कारण आम जनमानस में अत्यधिक रोष व्याप्त है।

अतः इस लोक महत्व के तात्कालिक अविलम्बनीय विषय पर मैं लोक निर्माण मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए उक्त मार्ग को पुनः बनवाये जाने की मांग करता हूं।]

गाजियाबाद के गढ़मुक्तेश्वर में कौथला झील की भूमि पर भू-माफियाओं द्वारा किये गये अवैध कब्जे को हटाये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

* श्री मदन चौहान-

[माननीय अध्यक्ष जी गढ़मुक्तेश्वर एक पौराणिक पर्यटन स्थल है जहां पर गंगा नदी में स्नान करना व पौराणिक मन्दिरों में जाने का विशेष महत्व है। सरकार ने भी हरिद्वार की तर्ज पर विकास करने का निर्णय ले रखा है। लेकिन एक कौथला नामक झील जिसका क्षेत्रफल लगभग 250 हेक्टेयर है। उसका अतिक्रमण भू-माफियाओं द्वारा ग्राम शाहपुर चौधरी, कल्याणपुर आदि ने (द्वारा) अवैध कब्जा जमा लिया है। पर्यटन स्थल होने के कारण इस झील का सौन्दर्यीकरण तथा आकर्षण होने से पर्यटक व श्रद्धालु भारी संख्या में पहुंचेगे।

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

नोट :- [ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

आज सरकार से अनुरोध है कि इस झील का सौन्दर्यीकरण कराने के साथ-साथ इस सरकारी भूमि व झील को भू-माफियाओं के अवैध कब्जे से बचाया जाय यह प्रश्न जनहित का व अविलम्बनीय है। अतः मैं सरकार का कार्यवाही हेतु ध्यान आकर्षण करना चाहता हूं।]

औचित्य के प्रश्न की सूचनायें

श्री अध्यक्ष-

आज दिनांक 22 मई, 2007 को नियम-300 के अन्तर्गत निम्नलिखित 03 सूचनाएं प्राप्त हुई :-

पहली सूचना श्री सुरेश कुमार खन्ना की महामहिम श्री राज्यपाल के अभिभाषण पर 4 दिन चर्चा कराये जाने के सम्बन्ध में है।

महामहिम श्री राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर सदन में साधारणतया 4 दिन चर्चा कराये जाने का प्राविधान है। त्रिवेन्द्रम में दिनांक 24 मई, 2007 से 28 मई, 2007 तक हो रहे पीठासीन अधिकारियों एवं सचिवों के सम्मेलन के कारण प्रश्नगत चर्चा केवल दो दिन रखी गई है।

इसी के साथ मैं इस सूचना को निस्तारित करता हूं।

दूसरी सूचना श्री अम्बिका चौधरी की महामहिम श्री राज्यपाल द्वारा दिये गये अभिभाषण में पिछली सरकार के असंवैधानिक सरकार का गठन का उल्लेख किये जाने के सम्बन्ध में है।

तीसरी सूचना श्री नरेश अग्रवाल एवं श्री नरेन्द्र सिंह वर्मा की महामहिम श्री राज्यपाल द्वारा दिये गये अभिभाषण में पिछली सरकार के असंवैधानिक सरकार का गठन का उल्लेख किये जाने के सम्बन्ध में।

उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली, 1958 के नियम-19 के उप नियम (3) में यह प्राविधान है कि 'अध्यक्ष सदन नेता के परामर्श से, राज्यपाल के अभिभाषण में निर्दिष्ट विषयों की चर्चा के लिए समय नियत करेंगे जो साधारणतया चार दिन होगा।' उक्त नियम के उप नियम (4) में यह भी प्राविधान है कि 'इस प्रकार नियत दिन या दिनों में सदन में एक सदस्य द्वारा प्रस्तुत तथा अन्य सदस्य द्वारा समर्थित धन्यवाद के प्रस्ताव पर ऐसे अभिभाषण में निर्दिष्ट विषयों पर चर्चा करने के लिए सदन स्वतंत्र होगा और ऐसे धन्यवाद के प्रस्ताव में ऐसे उपयुक्त संशोधन प्रस्तुत किये जा सकेंगे जिसे अध्यक्ष उचित समझें।'

आज की कार्य सूची में श्री राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव में माननीय नेता, प्रतिपक्ष तथा कई अन्य सदस्यों के दिये गये संशोधन छपे हैं और वे उन पर अपने विचार व्यक्त करते समय इस विषय पर भी चर्चा कर सकते हैं। अतः इस विषय पर अलग से औचित्य का कोई प्रश्न देने का औचित्य नहीं है।

अतः मैं इसे अस्वीकार करता हूं।

किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2007 †

संसदीय कार्य एवं चिकित्सा शिक्षा विकालांग कल्याण मंत्री (श्री लाल जी वर्मा)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) **विधेयक**, 2007 को पुरः स्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मांगता हूं।

श्री अध्यक्ष-

प्रश्न यह है कि किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2007 को पुरः स्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा दी जाय।

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ)

श्री लालजी वर्मा-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2007 को पुरः स्थापित करता हूं।

(घोर व्यवधान)

(समाजवादी पार्टी के सदस्यगण सदन के फ्लोर पर खड़े होकर लोकतंत्र में तानाशाही नहीं चलेगी-नहीं चलेगी के नारे लगाते रहे जिससे घोर व्यवधान बना रहा)

श्री राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद का प्रस्ताव

श्री अध्यक्ष-

माननीय ओम प्रकाश सिंह जी, धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत करें।

* **श्री** ओम प्रकाश सिंह (ओ0पी0 सिंह)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से यह प्रस्ताव करता हूं कि यह सदन श्री राज्यपाल के **अभिभाषण** के लिए जो उन्होंने राज्य विधान मण्डल के एक साथ समवेत् दोनों सदनों के समक्ष **दिनांक** 21 मई, 2007 को दिया है, कृतज्ञतापूर्वक धन्यवाद प्रकट करता है।

माननीय अध्यक्ष जी, महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर मुझे धन्यवाद प्रस्ताव रखने का अवसर दिये जाने के लिये मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं। साथ ही इस अवसर का सदुपयोग प्रदेश की महान जनता को धन्यवाद देने के लिये करना चाहूंगा जिसमें बहन मायावती के नेतृत्व में बहुजन समाज पार्टी को पूर्ण बहुमत की सरकार के पक्ष में जनादेश देकर एक गहरे अंधकार में डूबते जा रहे उत्तर प्रदेश को फिर से अमन चैन और विकास के पथ पर लाकर खड़ा करने का महान कार्य किया है। महज 10 दिन पहले तक इस प्रदेश में एक ऐसी सरकार का राज था जो जनता की इच्छाओं और आकांक्षाओं के अनुरूप स्थापित नहीं हुई थी। इसका गठन छल, प्रपंच लोभ, भय और जोड़-तोड़ के जरिये कुछ चुनिन्दा पूंजीपतियों और माफियाओं और सत्ता के

---

† दिनांक 15-6-2007 के असाधारण गजट के विधायी परिशिष्ट में छपा है।

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

कतिपय दलाल संस्कृति के पोषकों के हित साधने के लिये किया गया। शायद यही मनोदशा और सोच का परिणाम था जब एक दौलतमंद और उच्च समाज में विचरण करने वाला एक वहशी दरिन्दे के महल जैसे घर से निठारी गांव के मासूम और गरीब परिवारों के अबोध बालक बालिकाओं के कंकाल मिल रहे थे तो यहां एक बैठे सदस्य जो तब सर्वशक्तिमान मंत्री थे इसे छोटी मोटी घटना बता रहे थे। दरअसल बात केवल इतनी नहीं थी कि जुबान फिसल गयी और मुंह से कुछ का कुछ निकल गया सच तो यह है कि दिल की बात जुबां पर आ गयी।

(घोर व्यवधान के मध्य)

श्री अध्यक्ष-

माननीय ओ0पी0 सिंह जी, आपका भाषण जारी रहेगा। मैं सदन को एक घण्टे के लिये स्थगित करता हूं।

(घोर व्यवधान के कारण श्री अध्यक्ष ने 12 बजकर 25 मिनट पर सदन की कार्यवाही एक घण्टे के लिये स्थगित कर दी। 1 बजकर 25 मिनट पर श्री अध्यक्ष की अध्यक्षता में सदन की कार्यवाही पुनः आरम्भ हुई।)

(घोर व्यवधान के मध्य)

श्री अध्यक्ष-

माननीय सदस्यगण अपना स्थान ग्रहण करें।

(मा0 सदस्यगण सदन के फ्लोर पर नारे लगा रहे थे, तानाशाही नहीं चलेगी, नहीं चलेगी जिससे घोर व्यवधान बना रहा।)

कार्य-मंत्रणा समिति द्वारा सदन का कार्यक्रम निर्धारण की सिफारिश विषयक प्रस्ताव

श्री मोहम्मद आजम खां-

माननीय अध्यक्ष जी ...

(घोर व्यवधान)

श्री अध्यक्ष-

मा0 सदस्यगण, कृपया अपना स्थान ग्रहण कर लें। सदन को एक सूचना देनी है। उत्तर प्रदेश विधान सभा की कार्य-मंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 22 मई, 2007 की बैठक में यह सिफारिश की है कि उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली, 1958 के संगत प्राविधानों को शिथिल करते हुए किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2007 पर विचार एवं पारण सम्बन्धी मदें आज ही ले ली जाय तथा शेष कार्यक्रम यथावत् रहेगा।

संसदीय कार्य एवं चिकित्सा शिक्षा विकलांग कल्याण मंत्री (श्री लालजी वर्मा)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से प्रस्ताव करता हूं कि यह सदन कार्य-मंत्रणा समिति की सिफारिश जिसकी सूचना आज श्री अध्यक्ष द्वारा सदन में दी गई है, सहमत है ?

श्री अध्यक्ष-

प्रश्न यह है कि यह सदन कार्य-मंत्रणा की सिफारिश जिसका प्रस्ताव मा0 संसदीय कार्य मंत्री द्वारा रखा गया है, से सदन सहमत है।

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ)

किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2007

संसदीय कार्य एवं चिकित्सा शिक्षा, विकलांग कल्याण मंत्री (श्री लाल जी वर्मा)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से प्रस्ताव करता हूं कि किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2007 पर विचार किया जाय।

श्री अध्यक्ष-

प्रश्न यह है कि किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2007 पर विचार कया जाय।

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ)

खण्ड-2, खण्ड-1, प्रस्तावना तथा शीर्षक

किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन)

विधेयक, 2007

किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय अधिनियम, 2002 का अग्रतर संशोधन करने के लिए

विधेयक

भारत गणराज्य के अट्ठावनवें वर्ष में निम्नलिखित अधिनियम बनाया जाता है :-

संक्षिप्त नाम

1-यह अधिनियम किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) अधिनियम, 2007 कहा जायेगा।

उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या-8 सन् 2002 का सामान्य संशोधन

2-किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय अधिनियम, 2002 में, जिसे आगे मूल अधिनियम कहा गया है, शब्द "किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय" जहां-जहां आये हों, जिसके अन्तर्गत शीर्षक और दीर्घ शीर्षक भी हैं, के स्थान पर शब्द "छत्रपति शाहू जी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश" रख दिये जायेंगे।

श्री अध्यक्ष-

प्रश्न यह है कि खण्ड-2, खण्ड-1 प्रस्तावना व शीर्षक इस विधेयक के अंग माने जायेंगे।

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ)

श्री लाल जी वर्मा-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से प्रस्ताव करता हूं कि किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2007 को पारित किया जाय।

श्री अध्यक्ष-

प्रश्न यह है कि किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2007 को पारित किया जाय।

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ)

श्री राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद का प्रस्ताव (क्रमागत)

*श्री ओम प्रकाश सिंह (ओ0 पी0 सिंह)-

मान्यवर, एक संवेदनहीन हृदय जिसे जनता से सरोकार न हो उससे कुछ और उम्मीद करना भी बेईमानी है। उस दौर में बड़े-बड़े लोगों के साथ फोटो खिंचवाकर बड़ी-बड़ी बातें कर सुनहरा सपना दिखाने का गोरखधंधा जोरों से चल निकला था.....

(समाजवादी पार्टी के सदस्य सदन के फ्लोर पर नारे लगाते रहे जिससे सदन में व्यवधान बना रहा)

अपनी और अपने पूंजीपति दोस्तों को महिमामंडित करने के लिये उत्तर प्रदेश विकास परिषद् नाम की एक संस्था बनाकर उसे कैबिनेट से भी ऊपर का दर्जा प्रदान कर संविधान का मखौल उड़ाना तो सरकार का रूटीन बन गया था। मैं मुख्य मंत्री बहन मायावती जी को बधाई दूंगा कि उन्होंने मुख्य मंत्री का पद संभालते ही विकास परिषद् नाम की जालसाजी संस्था को समाप्त कर दिया जिसमें केवल हजारों, करोड़ों रुपये के कथित एम0 ओ0 यू0 (मेमोरेन्डम आफ अंडरस्टेंडिंग) साइन किये जिन्होंने कागजों में ही दम तोड़ दिया.....

(घोर व्यवधान)

मान्यवर, जनता से जुड़े मामले भले ही बीती सरकार की प्राथमिकता में न रहे हो मुम्बई के वालीवुड और खासकर सदी के एक महानायक पर मेहरबानियों की बरसात करने में समाजवादी सरकार ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया था जो भी फिल्म बाप-बेटे की आयी उसे मनोरंजन कर से मुक्त कर दिया गया न कोई नीति थी न कोई नियम का ख्याल रखा गया। बाप-बेटे की फिल्मों को मनोरंजन कर से मुक्त कर प्रदेश के राजस्व की हानि लगातार की गयी। दृश्य कुछ ऐसा था जैसे अंधा बांटे रेवड़ी और अपनो को ही दें। हद तो तब हो गयी जब इस महानायक को फ्राड करते हुए धरती पुत्र ने बाराबंकी में किसान बना दिया। जिसकी पर्तें बहन मायावती जी के सत्ता में आने के बाद एक-एक करके खुल रही हैं।

(घोर व्यवधान)

मान्यवर, गुण्डागर्दी के बारे में क्या-क्या कहें और क्या-क्या न कहें। तमाम बातें तो ऐसी हैं जिसका इस सदन में उल्लेख करना भी मर्यादाओं का हनन करने जैसा है। मान्यवर, क्या-क्या नहीं हुआ फिरोजाबाद में। पुलिस कप्तान को सत्ताधारी विधायक ने सरेआम पीटा तो

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

प्रदेश की राजधानी लखनऊ के हृदय हजरतगंज की सड़कों पर एक सी0 ओ0 साहब को बोनट पर लटका कर कुछ नौजवान लोहियाओं ने पहले घुमाया फिर लाकर एस0एस0पी0 के आफिस में दे पटका।

(घोर व्यवधान के मध्य)

श्री अध्यक्ष-

मा0 सदस्यगण, कृपया स्थान ग्रहण करें।

*श्री त्रिभुवन दत्त-

मा0 अध्यक्ष जी, महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर श्री ओम प्रकाश सिंह द्वारा रखे गये धन्यवाद प्रस्ताव का मैं पुरजोर समर्थन करता हूं।

(सत्ता पक्ष द्वारा मेजें थपथपाई गईं)

(समाजवादी पार्टी के सदस्यगण प्रतिवेदक की मेज पर चढ़कर पीठ की तरफ बढ़ने का प्रयास करते रहे और सुरक्षा सहायकों से धक्का-मुक्की करने लगे तथा प्रतिवेदकों तथा उसके बगल में लगाये गये ध्वनि प्रणाली के यंत्रों को भी तोड़ दिया)

श्री त्रिभुवन दत्त-

मा0 अध्यक्ष जी, पौने चार साल पहले संसदीय मान्यताओं को तोड़कर बनायी गयी सरकार को इस प्रदेश की जनता ने नकार करके 16 साल बाद बहुजन समाज पार्टी की बहुमत की सरकार को बनाने का काम किया है इसके लिये मैं उसका धन्यवाद करता हूं और श्री ओम प्रकाश सिंह द्वारा रखे गये धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करता हूं, धन्यवाद।

श्री अध्यक्ष-

मा0 नेता विरोधी दल कृपया अपना संशोधन प्रस्ताव प्रस्तुत करें। जो बात आप रखना चाहें, रखें।

(मा0 नेता प्रतिपक्ष द्वारा अपना संशोधन प्रस्तुत नहीं किया गया)

श्री अध्यक्ष-

मा0 सदस्यगण, कृपया अपना स्थान ग्रहण कर लें। माननीय सदस्यगण, आप हमारे सम्मानित नये सदस्य हैं, आप कृपया अपना स्थान ग्रहण कर लें।

(वेल में आये हुए सदस्य लगातार नारे लगाते रहे कुछ सदस्य कागज के गोले बनाकर भी अध्यक्ष पीठ की ओर फेंक रहे थे)

श्री अध्यक्ष-

मा0 सदस्य अपना संशोधन प्रस्ताव तो प्रस्तुत करे। मा0 मुलायम सिंह यादव जी, मा0 मोहम्मद आजम खां जी, मा0 अवधेश प्रसाद जी, मा0 नरेन्द्र सिंह वर्मा जी, आप कृपया

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

संशोधन प्रस्ताव तो प्रस्तुत करें। अपनी बात तो कहें, मान्यवर, मा0 ओम प्रकाश सिंह जी, मा0 हुकुम सिंह जी, मा0 लाल जी टण्डन जी, मा0 सतीश महाना जी, मा0 सुरेश कुमार खन्ना जी, मा0 उदयभान करवरिया जी, श्रीमती कृष्णा राज जी और मा0 यशपाल सिंह चौहान जी, कृपया अपना संशोधन प्रस्ताव तो प्रस्तुत करें।

(किसी सदस्य द्वारा संशोधन प्रस्ताव प्रस्तुत न करने पर)

संसदीय कार्य एवं चिकित्सा शिक्षा, विकलांग कल्याण मंत्री (श्री लालजी वर्मा)-

मान्यवर, मद संख्या-6 ले लें, इस पर कोई संशोधन प्रस्ताव नहीं प्रस्तुत कर रहे हैं।

श्री अध्यक्ष-

श्री कौकब हमीद जी, डा0 अजय तोमर जी, मा0 मदन भैया जी, मा0 सत्येन्द्र सोलंकी जी, मा0 अब्दुल वारसी जी, मा0 पूरन प्रकाश जी, मा0 डा0 अनिल चौधरी जी, सुश्री विमलेश सिंह जी, मा0 कादिर राणा जी, मा0 सत्यपाल सिंह जी, कृपया अपना संशोधन प्रस्ताव तो प्रस्तुत करें, मान्यवर।

(किसी सदस्य द्वारा संशोधन प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया गया)

(घोर व्यवधान और नारेबाजी जारी)

नियम 51 के अन्तर्गत सूचनाएं

श्री अध्यक्ष-

आज दिनांक 22 मई, 2007 को नियम-51 के अन्तर्गत कुल 19 सूचनाएं प्राप्त हुईं। पहली सूचना श्री कुबेर सिंह की जनपद एटा के जलेसर विधान सभा क्षेत्र में गम्भीर पेयजल संकट से उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में है, ध्यानाकर्षण हेतु स्वीकृत की जाती है। दूसरी सूचना श्री राम किशुन की जनपद चन्दौली के ग्राम ददवा का पुरा स्थित नहर में डूबकर 3 बच्चों के मरने एवं पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिये जाने के सम्बन्ध में है, ध्यानाकर्षण हेतु स्वीकृत की जाती है। तीसरी सूचना श्री सत्य प्रकाश अग्रवाल की जनपद मेरठ स्थित बेगम पुल चौराहा के आसपास अतिक्रमण से उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में है, ध्यानाकर्षण हेतु स्वीकृत की जाती है। चौथी सूचना श्री राजेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ मोती सिंह की जनपद प्रतापगढ़ के पट्टी विधान सभा क्षेत्र में पूर्वांचल विकास निधि के राज्यांश से निर्माण कार्य हेतु अवशेष धन को मुक्त किये जाने के सम्बन्ध में है, ध्यानाकर्षण हेतु स्वीकृत की जाती है। पांचवीं सूचना श्री महेश त्रिवेदी की जनपद कानपुर के ग्राम गहिलापुर में हुए भीषण अग्निकाण्ड के पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता दिये जाने के सम्बन्ध में है, ध्यानाकर्षण हेतु स्वीकृत की जाती है। छठी सूचना श्री पूरन प्रकाश की लखनऊ विकास प्राधिकरण की कानपुर रोड योजना के अन्तर्गत आवंटित भूखण्डों की रजिस्ट्री कराये जाने के सम्बन्ध में है, ध्यानाकर्षण हेतु स्वीकृत की जाती है। सातवीं सूचना श्री प्रमोद तिवारी की जनपद प्रतापगढ़ की लालगंज तहसील में विद्युत आपूर्ति न होने से उत्पन्न स्थिति के

सम्बन्ध में है, ध्यानाकर्षण हेतु स्वीकृत की जाती है। आठवीं सूचना श्री प्रदीप जैन "आदित्य" की जनपद झांसी स्थित महानगरीय क्षेत्रों में 20 घण्टे विद्युत आपूर्ति कराये जाने के सम्बन्ध में है, ध्यानाकर्षण हेतु स्वीकृत की जाती है। नवीं सूचना श्री रमापति उर्फ रमाकान्त की जनपद कुशीनगर के ग्राम शेखपुरवा में विद्युत लाइन से मरने वालों के परिवारीजनों को मुआवजा दिये जाने के सम्बन्ध में है, ध्यानाकर्षण हेतु स्वीकृत की जाती है। दसवीं सूचना श्री मदन चौहान की जनपद गाजियाबाद स्थित सिंभावली शुगर मिल द्वारा गन्ना किसानों का लम्बित भुगतान तुरन्त कराये जाने के सम्बन्ध में है, ध्यानाकर्षण हेतु स्वीकृत की जाती है। निम्नलिखित माननीय सदस्यों की सूचनाएं अस्वीकार की गयीं-श्री जनार्दन प्रसाद ओझा, श्री धनीराम वर्मा, श्रीमती कृष्णा राज, डा0 राधा मोहन दास अग्रवाल, श्री श्यामदेव राय चौधरी, श्री जयवीर सिंह, श्री जगन प्रसाद गर्ग, श्री सुन्दर लाल लोधी, श्री माधो पासवान।

श्री राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद का प्रस्ताव (क्रमागत)

श्री अध्यक्ष-

माननीय नेतागण आप धन्यवाद प्रस्ताव पर संशोधन प्रस्तुत करें। माननीय सदस्य कम से कम अपनी बात तो कहें।

(घोर व्यवधान के मध्य समाजवादी पार्टी के सदस्यों के शांत न होने पर)

संसदीय कार्य, चिकित्सा शिक्षा एवं विकलांग कल्याण मंत्री (श्री लालजी वर्मा)-

मान्यवर, सारे मद खत्म हो गये हैं।

श्री अध्यक्ष-

अब हम उठते हैं, कल 11.00 बजे पूर्वाह्न फिर बैठेंगे।

(इसके बाद सदन का उपवेशन 1 बजकर 37 मिनट पर अगले दिन के 11 बजे तक के लिये स्थगित हो गया)।

लखनऊ :

दिनांक 22 मई, 2007

राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय,

प्रमुख सचिव, विधान सभा,

उत्तर प्रदेश।

पी0एस0यू0पी0-एल0 197 विधान सभा (335)-11-7-07-813 (कम्प्यूटर)।